तापमान

अधिकतम 30 डिग्री

न्यूनतम 19 डिग्री

हरिभूमि

कोरिया भूमि

बिलासपुर, सोमवार 12 अक्टूबर 2026

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

4 डस्टबिन में मिला एक फटा पन्ना, उसी ने दिखाई आत्मनिर्भरता की राह



खबर संक्षेप

शराब पीकर वाहन चलाने वाले तीन पर जुर्माना

बैकुण्ठपुर। सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पटना थाना पुलिस ने शराब पीकर वाहन चलाने वाले तीन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की है। न्यायालय ने तीनों चालकों पर 10-10 हजार रुपए के हिसाब से कुल 30 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 7 अक्टूबर 2026 को पटना थाना पुलिस ने वाहन चालकों की जांच के दौरान तीन लोगों को शराब के नशे में वाहन चलाते पाया। पुलिस ने तीनों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम की धारा 185 के तहत कार्रवाई करते हुए प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया। मामले की सुनवाई के बाद न्यायालय ने प्रत्येक चालक पर 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

बिजुरी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक



बिजुरी। क्षेत्र अन्तर्गत थाना प्रभारी विकास सिंह की अध्यक्षता तथा नगर पालिका परिषद बिजुरी की अध्यक्ष सहबिन पनिका के विशेष आतिथ्य में आयोजित इस बैठक में नवरात्रि के दौरान नगर में यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने, विभिन्न स्थानों पर स्थापित होने वाले दुर्गा पंडालों में आयोजित भंडारे, कन्या पूजन तथा अन्य धार्मिक आयोजनों के व्यवस्थित संचालन को लेकर चर्चा की गई। बैठक में डीजे संचालन, धार्मिक आयोजनों के दौरान शांति एवं अनुशासन बनाए रखने तथा क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने जैसे महत्वपूर्ण विषय भी चर्चा के केंद्र में रहे। शांति समिति की बैठक का उद्देश्य नवरात्रि पर्व के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के साथ ही धार्मिक आयोजनों को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराना रहा। बैठक में उपस्थित लोगों ने पर्व के दौरान आपसी भाईचारे, सामाजिक सौहार्द और सहयोग की भावना के साथ व्यवस्थाओं को सुचारु बनाए रखने पर चर्चा की।

चिरमिरी में फेडरेशन ने मनाया स्थापना दिवस



कोरिया कॉलरी। लाइफ इंश्योरेंस एजेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया ने अपना 64वां स्थापना दिवस चिरमिरी नगर निगम क्षेत्र में हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया। इस अवसर पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डी.के. शुक्ला का एलआईसी अभिकर्ताओ द्वारा गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण चिरमिरी में नवनिर्मित लियाफी भवन का फीता काटकर उद्घाटन रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ मां भगवती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष दिनकर तिवारी ने संगठन के 64वें स्थापना दिवस पर सभी अभिकर्ताओ को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि एलआईसी अभिकर्ता दिन-रात मेहनत कर आम नागरिकों और परिवारों को बीमा सुरक्षा प्रदान करने का महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। कार्यक्रम में लाइफ इंश्योरेंस एजेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष डी.के. शुक्ला, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हीरालाल राजवाड़े, केंद्रीय अध्यक्ष पवन जैन, मंडल अध्यक्ष दिनकर तिवारी सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में छकउ अभिकर्ता उपस्थित रहे। स्थापना दिवस समारोह में सैकड़ों अभिकर्ताओ की उपस्थिति ने संगठन की एकजुटता और मजबूती का परिचय दिया।

नौ दिनों तक होगी मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की आराधना, पूजा पंडालों में उमड़ेंगे श्रद्धालु

नवरात्र शुरू, देवी मंदिरों में जले मनोकामना ज्योत





हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शक्ति की उपासना का पर्व शारदीय नवरात्र रविवार से प्रारंभ हो गया। शुभ मुहूर्त में घट स्थापना के साथ ही जिलेभर के देवी मंदिरों और पूजा पंडालों में विधि-विधान से पूजा-अर्चना का दौर शुरू हो गया।

आगामी 9 दिनों तक मां दुर्गा के 9 स्वरूपों की पूजा-अर्चना की जाएगी। इस दौरान माता का प्रतिदिन विशेष श्रृंगार कर उन्हें छप्पन भोग अर्पित किया जाएगा। इस वर्ष देवी का आगमन गज यानी हाथी पर हुआ है, जबकि प्रस्थान घोड़े पर होगा।

पंडितों के अनुसार, घट स्थापना का शुभ मुहूर्त सुबह 10:15 बजे से शुरू हुआ। वहीं, सर्वश्रेष्ठ अभिजीत मुहूर्त सुबह 11:44 बजे से दोपहर 12:31 बजे तक रहा। शुभ मुहूर्त में पूजा समितियों ने मंत्रोच्चार के साथ कलश स्थापना कर मां दुर्गा की आराधना प्रारंभ की। इसके साथ ही जिले में नौ दिनों तक चलने वाले भक्ति और आस्था के पर्व की शुरूआत हो गई। नवरात्र के दौरान प्रतिदिन सुबह और शाम आरती व पूजन किया जाएगा। विभिन्न पूजा पंडालों में धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। नवरात्र के पहले दिन से ही देवी मंदिरों में दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। वहीं, शाम ढलते ही पूजा पंडालों में भी भक्तों की आवाजाही बढ़ने लगेगी। शुरूआती दिनों में पंडालों में अपेक्षाकृत कम भीड़ रहती है, लेकिन जैसे-जैसे नवरात्र के दिन आगे बढ़ते हैं, श्रद्धालुओं की संख्या में भी इजाफा होने लगता है। इससे पूरे शहर में मेले जैसा माहौल नजर आने लगता है।

दूसरे दिन भी हुआ प्रतिमाओं का उठाव

शहर में नवरात्र की शुरूआत वाले रविवार को भी मूर्तिकारों के यहां से कई पूजा समितियों ने मां दुर्गा की प्रतिमाओं का उठाव किया। इस दौरान समितियों के सदस्य बाजे-गाजे और डीजे के साथ प्रतिमाएं लेने पहुंचे। इससे एक दिन पहले अधिकांश पूजा समितियां प्रतिमाओं का उठाव कर चुकी थीं, जबकि रविवार को भी कई पंडालों में प्रतिमाएं स्थापित करने की तैयारियां जारी रहीं।

कलश यात्रा निकालकर की गई पूजा की शुरूआत

रविवार को बैकुण्ठपुर शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में विभिन्न पूजा पंडालों में मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित की गईं। कलश स्थापना के साथ विधि-विधान से पूजा-अर्चना शुरू हुई। इससे पहले ओड़गी स्थित पूजा समिति की ओर से दोपहर में विशाल कलश यात्रा निकाली गई। इसी तरह अन्य स्थानों पर भी कलश यात्राएं निकाली गईं, जिनमें बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं।

देवी मंदिरों में प्रज्वलित हुए मनोकामना ज्योत

नवरात्र के पहले दिन प्रमुख मंदिरों में हजारों की संख्या में मनोकामना ज्योत प्रज्वलित किए गए, जो आगामी नौ दिनों तक मंदिरों में आस्था और भक्ति के प्रतीक के रूप में प्रज्वलित रहेंगे। खड़गवां के निकट चनवारीडांड स्थित मां महामाया मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मनोकामना दीप प्रज्वलित किए। इसी तरह जनकपुर क्षेत्र के भगवानपुर स्थित देवी मंदिर में भी आस्था के ज्योत जलाए गए।



परीक्षा के तनाव, मोबाइल की लत और नशामुक्ति पर विशेषज्ञों ने दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम, कोरिया एवं शासकीय नर्सिंग कॉलेज, बैकुंठपुर के संयुक्त तत्वावधान में स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल, महलपारा में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

■ टेली-मानस हेल्पलाइन 14416 के प्रति किया जागरूक

जिला कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव के आदेशानुसार तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व, परीक्षा के दबाव से निपटने, मोबाइल के संतुलित उपयोग और सकारात्मक जीवनशैली के प्रति जागरूक करना था। शासकीय नर्सिंग कॉलेज, बैकुंठपुर की प्रोफेसर डॉ. अंजना सैमुअल ने विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस 2026 की थीम मानसिक स्वास्थ्य के लिए आपदा एवं आपातकालीन स्थितियों में सहायता पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को परीक्षा के दौरान होने वाली चिंता और तनाव से निपटने के उपाय बताए। उन्होंने पढ़ाई की बेहतर योजना बनाने, समय प्रबंधन और आत्मविश्वास के साथ परीक्षा ⏭शेष पेज 2 पर

दुर्गा पंडालों और मंदिरों के समीप बढ़ेगी सुरक्षा

बैकुण्ठपुर। जिले में अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण, लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण और पुलिसिंग में सुधार को लेकर पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर ने रविवार को रक्षित केंद्र स्थित कांफ्रेंस हॉल में अपराध समीक्षा बैठक ली।

■ एसपी ने ली अपराध समीक्षा

बैठक में उन्होंने सभी थाना-चौकी प्रभारियों और विवेचकों को लंबित अपराध, चालान, मर्ग एवं शिकायतों का समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। एसपी ने स्पष्ट कहा कि थाने पहुंचने वाले किसी भी शिकायतकर्ता को निराश होकर नहीं लौटना पड़े। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों की शिकायतों पर प्राथमिकता से कार्रवाई की जाए तथा की गई कार्रवाई की जानकारी शिकायतकर्ता को भी दी जाए। बैठक में पुलिस मुख्यालय, पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय एवं वरिष्ठ कार्यालयों से जारी निर्देशो के पालन की समीक्षा की गई। जिन निर्देशो का पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करना शेष है, उन्हें तत्काल पूरा करने के निर्देश दिए गए। साथ ही थाना, चौकी और रक्षित केंद्र प्रभारियों को वरिष्ठ कार्यालयों से प्राप्त निदेशों की जानकारी अधीनस्थ कर्मचारियों को नियमित गणना के दौरान देने के लिए कहा गया। नवरात्रि पर्व को देखते हुए एसपी ने सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। गरबा स्थलों, दुर्गा पूजा पंडालों और प्रमुख मंदिरों के आसपास नियमित पेट्रोलिंग तथा विजिबल पुलिसिंग सुनिश्चित करने को कहा गया। डीजे और लाउडस्पीकर के उपयोग में निर्धारित समय-सीमा एवं ध्वनि मानकों का पालन कराने के निर्देश दिए गए। भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में महिला सुरक्षा बल की तैनाती और अतिरिक्त पेट्रोलिंग करने के साथ असामाजिक तत्वों, शराब पीकर उत्पात मचाने वालों तथा तेज रफ्तार और स्टंट करने वाले वाहन चालकों पर नजर रखने को कहा गया। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह, एसडीओपी मोहसीन खान, उप पुलिस अधीक्षक अजाक नेलशन कुजूर, उप पुलिस अधीक्षक श्याम मधुकर सहित जिले के समस्त थाना-चौकी प्रभारी, विवेचक, यातायात प्रभारी, साइबर सेल, सीसीटीएनएस, महिला सेल, कंट्रोल रूम, डीएसबी और पुलिस अधीक्षक के रीडर उपस्थित रहे।



लंबित प्रकरणों के निराकरण में लाएं तेजी

एसपी ने सभी थानों के अपराध संबंधी आंकड़ों की सिलसिलेवार समीक्षा की। इस दौरान विवेचकों से लंबित अपराध, मर्ग, चालान और एक माह से अधिक समय से लंबित वरिष्ठ कार्यालयों से प्राप्त शिकायतों की जानकारी ली गई। उन्होंने लंबित प्रकरणों का जल्द निराकरण कर क्राइम पेंडेंसी की दर कम करने के निर्देश दिए।

नियमों का उल्लंघन करने वालों पर होगी कार्रवाई

बैठक में यातायात व्यवस्था को लेकर भी निर्देश दिए गए। तीन सवारी बैठाकर तेज रफ्तार से वाहन चलाने और अनावश्यक हॉर्न बजाने वाले दुपहिया चालकों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई बढ़ाने को कहा गया। मालवाहक वाहनों में यात्रियों को बैठाकर परिवहन करने वालों पर भी सख्ती बरतने के निर्देश दिए गए।

अग्रसेन जयंती पर समाजजन ने की आरती-पूजन

महाराजा अग्रसेन की नवनिर्मित प्रतिमा का अनावरण

बैकुण्ठपुर। अग्रसेन जयंती के पावन अवसर पर बैकुंठपुर में श्री श्री 1008 महाराजा अग्रसेन की नवनिर्मित प्रतिमा का भव्य अनावरण श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों और विभिन्न समाजों के लोगों की उपस्थिति में पूजा-अर्चना की गई।

समाजजनों ने महाराजा अग्रसेन की आरती उतारकर सामाजिक एकता, सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात महाराजा अग्रसेन की नवनिर्मित प्रतिमा का अनावरण किया गया। अनावरण के बाद समाजजनों ने विधिवत आरती-पूजन कर श्रद्धा व्यक्त की। पूरे कार्यक्रम के दौरान उत्साह और भक्तिमय वातावरण बना रहा। प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में विधायक भईयालाल राजवाड़े, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष शैलेष शिवहरे, नगरपालिका अध्यक्ष नविता शिवहरे, उपाध्यक्ष आशीष यादव, पार्षद मनीष, भानुपाल, अनिल खटिक, अभिनेन्द्र एवं संजय जायसवाल, कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता और बृजवासी तिवारी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। वहीं समाज की ओर से आशीष गुप्ता, अतुल गुप्ता, मुकुल गुप्ता, सुशील गुप्ता, सुरेन्द्र गुप्ता, रमेश गुप्ता, ज्ञानप्रकाश गुप्ता, रिंकू गुप्ता, कमलेश गुप्ता, सुरेश गुप्ता, राजेंद्र गुप्ता, अजय गुप्ता, दयाशंकर गुप्ता, राजेश गुप्ता, सौरभ गुप्ता, गौरव गुप्ता, रविकांत गुप्ता, संजय गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, अनुपम गुप्ता, रोहित गुप्ता, सीटू अग्रवाल और सुदीप अग्रवाल आदि शामिल हुए।



महाराजा अग्रसेन के आदर्शों को अपनाने का संदेश

महाराजा अग्रसेन के आदर्श समाज में समानता, सेवा, सहयोग और परस्पर सद्भाव की प्रेरणा देते हैं। प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम के माध्यम से उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने और सामाजिक एकता को मजबूत बनाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम श्रद्धा, उत्साह और सामाजिक सहभागिता के वातावरण में संपन्न हुआ।

अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

बैकुण्ठपुर। अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय बैकुंठपुर में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बलवंत सिंह एवं सिविल सर्जन डॉ. आयुष जायसवाल के मार्गदर्शन में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जिला चिकित्सालय एवं नर्सिंग कॉलेज के समन्वय से आयोजित इस कार्यक्रम में बालिकाओं के अधिकार, शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं सशक्तीकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। नर्सिंग कॉलेज के विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया तथा रंगोली, भाषण एवं पोस्टर प्रतियोगिताओं के माध्यम से बालिका संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का संदेश देते हुए बालिकाओं के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने, लैंगिक समानता को बढ़ावा देने तथा उन्हें शिक्षा और विकास के समान अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही, पीसीपीएनडीटी अधिनियम, 1994 के प्रावधानों की जानकारी देकर कन्या भ्रूण हत्या जैसी सामाजिक बुराइयों के प्रति जागरूक किया गया। ⏭शेष पेज 2 पर



पारंपरिक कथावाचन में राजनंदिनी ने हासिल किया प्रथम स्थान

बैकुण्ठपुर। जवाहर नवोदय विद्यालय के विद्यार्थियों ने कला उत्सव के अंतर्गत आयोजित पारंपरिक कथावाचन प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और जिले को गौरवान्वित किया है।

छात्रा राजनंदिनी सिंह और छात्र विकास कुमार ने क्लस्टर स्तर के बाद संभागीय स्तर की प्रतियोगिता में भी प्रथम स्थान हासिल कर राष्ट्रीय स्तर के लिए अपना चयन सुनिश्चित किया है। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय एवं परिवार में हर्ष का माहौल है। जानकारी के अनुसार, दोनों विद्यार्थियों ने सबसे पहले क्लस्टर स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके बाद ओडिशा के जवाहर नवोदय विद्यालय, कटक में आयोजित भुवनेश्वर संभागीय स्तर की प्रतियोगिता में भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। इस प्रतियोगिता में ओडिशा और छत्तीसगढ़ के जवाहर नवोदय विद्यालयों के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया था। प्रतियोगिता में राजनंदिनी सिंह ने महान पंडवानी गायिका एवं पद्म विभूषण से सम्मानित तीजन बाई की विशिष्ट कथावाचन शैली में पांडवों की कथा प्रस्तुत की। उनकी प्रभावशाली प्रस्तुति ने छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोककला पंडवानी की परंपरा को मंच पर साकार कर दिया। प्रस्तुति के माध्यम से उन्होंने तीजन बाई की अद्वितीय कला और सांस्कृतिक विरासत के प्रति भावपूर्ण श्रद्धांजलि भी अर्पित की।



कला शिक्षक के मार्गदर्शन में मिली सफलता

इस उपलब्धि में विद्यालय के कला शिक्षक मुकेश तिवारी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। राजनंदिनी सिंह और विकास कुमार ने अपनी मेहनत एवं कला कौशल के दम पर संभागीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए चयनित होने का गौरव हासिल किया। अब राष्ट्रीय स्तर पर भी उनसे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद की जा रही है।

मानस भवन में सभी वार्डों में विजय का लिया संकल्प

बैकुंठपुर नगर पालिका चुनाव को लेकर भाजपा ने भरी हुंकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर के आगामी चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने अपनी चुनावी तैयारियों को तेज करते हुए शनिवार को नगर में विशाल जुलूस एवं कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया। भाजपा के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, मातृशक्ति, युवा साथियों एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी से पूरा वातावरण भाजपामय नजर आया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में बैकुंठपुर के घड़ी चौक पर भाजपा नेताओं का जोरदार स्वागत किया गया। हाथों में कमल के झंडे लिए कार्यकर्ता बड़ी संख्या में सड़कों पर निकले। भाजपा के नारों और कार्यकर्ताओ के उत्साह से नगर का वातावरण गूंज उठा। इसके पश्चात भव्य जुलूस के साथ कार्यकर्ता मानस भवन पहुंचे, जहां विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में बैकुंठपुर विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री भैयालाल राजवाड़े, चुनाव प्रभारी बाबूलाल अग्रवाल, सह चुनाव प्रभारी एवं महापौर मंजूषा भगत, सह चुनाव प्रभारी एवं पूर्व महापौर डमरू बेहरा, भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्णबिहारी जायसवाल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शैलेष शिवहरे सहित वरिष्ठ नेताओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यकर्ता सम्मेलन में आगामी नगर पालिका चुनाव की रणनीति, संगठनात्मक तैयारियों, वार्ड एवं बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओ की सक्रियता तथा जनसंपर्क अभियान को लेकर चर्चा की गई। सभी नेताओं ने कार्यकर्ताओ में ऊर्जा का संचार करते हुए बैकुंठपुर नगर पालिका के सभी वार्डों में भाजपा की ऐतिहासिक विजय का संकल्प दिलाया। विधायक भैयालाल राजवाड़े ने कहा कि भाजपा विकास, सुशासन और जनसेवा के संकल्प के साथ चुनाव मैदान में उतरेगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश में विकास को नई गति मिली है।

बैकुंठपुर की जनता भी विकास और बेहतर नागरिक सुविधाओं के लिए भाजपा पर विश्वास जताएगी। उन्होंने कार्यकर्ताओ से प्रत्येक वार्ड में सक्रिय जनसंपर्क का आह्वान किया। चुनाव प्रभारी बाबूलाल अग्रवाल ने कहा कि भाजपा की वास्तविक शक्ति उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं। ⏭शेष पेज 2 पर





मानसिक स्वास्थ्य पर खुलकर बात करें, समय पर उपचार लें



मनेन्द्रगढ़। मानसिक स्वास्थ्य भी शारीरिक स्वास्थ्य जितना ही महत्वपूर्ण है। मानसिक तनाव, अवसाद और घबराहट जैसी समस्याओं को छिपाने के बजाय समय पर सहायता लेना बेहतर जीवन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

■ विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर चिरमिरी में निकली जागरूकता रैली

इसी संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय चिरमिरी में जागरूकता रैली एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस वर्ष की वैश्विक थीम अनुभवों को सुनें, वास्तविक आवाजें- वास्तविक बदलाव रखी गई। कार्यक्रम के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने, सामाजिक भ्रांतियों एवं अंधविश्वास को दूर करने और जरूरतमंदों को समय पर ⏭शेष पेज 2 पर

11-Oct- Coriya-Bhoomi pg-2_Layout 1 11-10-2026 20:48 Page 1

खबर संक्षेप



नवयुवक दुर्गा मंडल की हुई वार्षिक बैठक, अध्यक्ष बने राजेश अग्रवाल

सूरजपुर। नगर की धार्मिक एवं सेवाभावी अग्रणी संस्था नवयुवक दुर्गा मंडल की वार्षिक कार्यकारिणी बैठक मां के दरबार दुर्गा पंडाल परिसर में संपन्न हुई। बैठक में पुरानी कार्यकारिणी को भंग कर वर्ष 2026-27 के लिए नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस दौरान सदस्यों ने सर्वसम्मति से राजेश अग्रवाल राजू को पुनः नवयुवक दुर्गा मंडल का अध्यक्ष मनोनीत किया। वे लगातार 18 वर्षों से अध्यक्ष के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। यह उनके अध्यक्षीय कार्यकाल का 19वां वर्ष होगा। बैठक में श्री नवयुवक दुर्गा मंडल के धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों को और अधिक व्यवस्थित तथा व्यापक बनाने के उद्देश्य से 48 सदस्यों ने सदस्यता ग्रहण की। सभी सदस्यों की सहमति से नवीन कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया। नवीन कार्यकारिणी में मार्गदर्शक धर्मवीर अग्रवाल, मंडल प्रमुख मदनलाल गोयल, अध्यक्ष राजेश अग्रवाल राजू, कोषाध्यक्ष घनश्याम बंसल, सचिव हूलेश्वर प्रसाद गुप्ता, व्यवस्थापक नरेश बंसल एवं प्रवक्ता गैबीनाथ साहू को दायित्व सौंपा गया। इसी क्रम में पूजा प्रभारी के रूप में अश्वनी पांडेय, ललित अग्रवाल एवं वीरेंद्र गर्ग, झांकी प्रभारी के रूप में विनोद मित्तल एवं नंदकिशोर ठाकुर, साउंड प्रभारी प्रेमशंकर सोनी तथा सह प्रभारी के रूप में राजेश साहू, धर्मपाल राजवाड़े, मनोज गुप्ता, अनंत राम साहू एवं प्रेम ठाकुर को जिम्मेदारी दी गई। वहीं राजेश साहू को कार्यालय प्रभारी मनोनीत किया गया। नवयुवक दुर्गा मंडल के प्रमुख मदनलाल अग्रवाल ने बताया कि सदस्यता अभियान नवरात्रि की प्रथम तिथि तक जारी रहेगा। इस वर्ष श्री नवयुवक दुर्गा मंडल अपना 40वां वार्षिक उत्सव नवरात्रि की सप्तमी तिथि को धूमधाम से मनाने की तैयारी कर रहा है। आयोजन में मंडल के भजन गायकों के साथ आमंत्रित बाहरी कलाकार भी अपनी प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम को भव्य एवं यादगार बनाने के लिए मंडल के पदाधिकारी और सदस्य उत्साहपूर्वक तैयारियों में जुटे हैं।

नदी से रेत निकालकर खपा रहे शहर सहित सीमावर्ती राज्यों में

बाकी नदी में सक्रिय हुए रेत तस्कर हर रोज अवैध रूप कर रहे रेत तस्करी

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

बारिश थमने के बाद एक बार फिर रेत माफिया प्रतापपुर क्षेत्र में सक्रिय हो गए है जो न सिर्फ नदी से रेत का अवैध उत्खनन कर रहे है बल्कि रेत का भंडारण कर आसपास सहित अन्य प्रदेशों में खपाने का कार्य कर रहे है। हैरानी की बात यह है कि क्षेत्र से हर रोज बड़ी मात्रा में वाहनों से रेत उत्खनन का कार्य किया जा रहा है बावजूद इसके विभाग चुप्पी साधे हुए है। क्षेत्र के बांक नदी और पतरंगी नदी से बड़ी मात्रा में रेत उत्खनन कार्य जारी है। ऐसे में विभाग द्वारा किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं करने से रेत माफियाओं के हौसले बुलंद है जो बेधड़क रेत उत्खनन करने में लगे हुए है।

खास बात
- हाईवा, ट्रैक्टर सहित अन्य वाहनों में सड़क किनारे किया जा रहा भंडारण

विकासखंड प्रतापपुर अंतर्गत बांकी नदी से रेत की अवैध उत्खनन लंबे समय से जारी है। बारिश होने के दौरान रेत उत्खनन काफी हद तक बंद था लेकिन बारिश बंद होने के बाद क्षेत्र में रेत तस्कर न सिर्फ सक्रिय हो गए बल्कि नदी से बड़े पैमाने पर रेत उत्खनन करने में लग गए है। हर रोज नदी से हाइवा व ट्रैक्टरों से धड़ल्ले से बालू लोड कर आसपास क्षेत्र में खपाया जाता है। स्थानीय जीवनदायिनी बाकी नदी सहित पतरंगी नदी में मिशन स्कूल के नीचे से बड़े पैमाने पर रेत निकाली जा रही है। ट्रैक्टरों के माध्यम से नदी से रेत निकालकर उसे टुकुडांड़ रोड स्थित राइस मिल रोड के किनारे जमा किया जा रहा है। इसके बाद जेसीबी मशीन की मदद से अंबिकापुर और उत्तर प्रदेश की ओर जाने वाले हाईवा एवं ट्रक जैसे भारी वाहनों में रेत लोड कर बिक्री की जा रही है। स्थानीय लोगों का आरोप नदी से ट्रैक्टरों के जरिए रेत निकालने और सड़क किनारे उसका भंडारण करने का काम बेखौफ तरीके से जारी है। इसके बाद भारी वाहनों में रेत लोड कर दूसरे क्षेत्रों में भेजे जाते है। यह गतिविधियां बिना वैध अनुमति के संचालित हो रही हैं, इससे शासन को रॉयल्टी एवं अन्य राजस्व के रूप में भारी नुकसान हो रहा है।



ट्रैक्टर से भण्डारित करते रेत।

लीज नही फिर भी कर रहे उत्खनन

बाकी नदी के अलावा आसपास नदी से बालू का न तो लीज है न खनन का आदेश इसके बावजूद रेत तस्कर इन क्षेत्र से अवैध खनन करने में लगे हुए है। नदी से अवैध रेत उत्खनन से शासन प्रशासन को भी राजस्व का नुकसान हो रहा है। रेत उत्खनन का किसी प्रकार का लीज नहीं होने के बाद भी बालू की चोरी धड़ल्ले से जारी है। रेत तस्कर द्वारा आसपास के नदियों से बालू निकालने के बाद अब प्रतापपुर के बाकी नदी पर पड़ी हुई है जहां हर रोज बड़ी मात्रा में रेत का अवैध उत्खनन कर रहें है।

गर्मी के मौसम में गिर जाता है जल स्तर

नदी से अवैध उत्खनन करने से इसका असर अब जल स्तर पर भी पड़ने लगा है। प्रतापपुर क्षेत्र के बाकी नदी से लंबे समय से किए जा रहे रेत का अवैध उत्खनन के कारण गर्मी के मौसम में क्षेत्र का जल स्तर काफी नीचे गिर जाता है जिससे जलस्तर नीचे चले जाने से पानी की भी किल्लत नगर में बढ़ जाती है। इसके अलावा खेती किसानी में भी लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

जांच व कार्रवाई की मांग

स्थानीय लोगों ने खनिज विभाग और जिला प्रशासन से मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि बाकी नदी एवं पतरंगी नदी में रेत उत्खनन की स्थिति, सड़क किनारे किए गए कथित भंडारण और भारी वाहनों में की जा रही लोडिंग की जांच की जाए। यदि नियमों का उल्लंघन पाया जाता है तो संबंधित लोगों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

दिए जाएंगे दिशा निर्देश

बाकी नदी से अवैध रेत उत्खनन किया जा रहा है तो खनिज विभाग और राजस्व विभाग के अलावा पुलिस को दिशा निर्देश दिए जाएंगे। मौके की जांच कर रेत तस्करों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।
-रैना जमील, कलेक्टर सूरजपुर

बिश्रामपुर करंजी ट्रैक पर मेमू ट्रेन की चपेट में आने से बुजुर्ग की हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

अंबिकापुर अनूपपुर रेल पथ पर बिश्रामपुर स्टेशन से करंजी स्टेशन की तरफ माइनर्स कॉलोनी समीप गुजरे रेल ट्रैक में शनिवार को मेमू ट्रेन की चपेट में आकर 60 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई।

स्टेशन प्रबंधक की सूचना पर मौके पर पहुंची बिश्रामपुर पुलिस ने शव पंचनामा की कार्यवाही पूरी कर शव को पीएम के लिए अस्पताल भेजा है,मृतक की जेब में मिले आयुष्मान कार्ड से उसकी पहचान विश्वनाथ गुप्ता निवासी सतपता के रूप में हुई है,पुलिस ने परिजनों को मौके पर बुलवाकर शव की शिनाख्त कराई है,परिजनों के मुताबिक वह सुबह घर से निकला था,मृतक कार्मेल स्कूल के पास फुल्की चाट का ठेला लगाकर अपने परिवार का भरण पोषण करता था,दोपहर में उसकी लाश रेलवे ट्रैक पर पड़ी मिली,रेल प्रबंधन के मुताबिक वह अंबिकापुर शहडोल मेमू के सामने अचानक आ गया।घटना शनिवार दोपहर पौने 2 बजे की बताई गई है।वृद्ध ने जान बुझ कर आत्महत्या की है या नशे के हालत में ट्रैक पार करने के प्रयास में उसकी जान गई, पुलिस इसकी जांच कर रही है।

अलग अलग घटनाओं दो लोगों की गई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

तालाब में डूबने और गिरने की अलग अलग घटनाओं में गंभीर हुए दो लोगों की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार लखनपुर थाना अंतर्गत ग्राम चैनपुर टिकरापारा निवासी जय नंदन आ. स्व. भोकू राम (71 वर्ष) 7 अक्टूबर को गांव स्थित दुल्ही तालाब में हाथ मुंह धोने और स्नान करने गया था। जैसे ही स्नान करने लिए तालाब में उतरा तभी गहरे पानी में डूबने लगा। इसी बीच तालाब के समीन मौजूद बच्चों ने तत्काल घटना की सूचना परिजन को दी। सूचना पर परिजन ने वृद्ध को तालाब से बाहर निकाल कर लखनपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने वृद्ध की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां बीत रात उपचार के दौरान वृद्ध की मौत हो गई।

दूसरी घटना में सीतापुर थाना अंतर्गत ग्राम राधापुर धौरापारा निवासी राम रतन उर्फ रामरथ आ. अमर साय (25 वर्ष) पिछले कुछ दिनों से घर में अकेला था जबकि बड़ा भाई राजेश पोर्ते व पिता बोरिंग गाड़ी में काम करने इंदौर गए थे। इसी बीच 7 अक्टूबर को तबीयत खराब हो गया और दो दिन बाद 9 अक्टूबर को चक्कर आने से गिर गया। युवक को अचेत देख चाचा धोबन पोर्ते सहित पड़ोसियों ने युवक को सीतापुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन युवक को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत युवक को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

ग्राम महावीरपुर में सड़क किनारे मिला खून से लथपथ युवक का शव, हत्या किए जाने की संभावना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

जयनगर थाना क्षेत्र के महावीरपुर स्थित कालीघाट समीप सड़क किनारे शनिवार सुबह एक अज्ञात युवक की खून से सनी लाश मिलने से इलाके में दहशत फैल गई, मृतक की पहचान देर शाम तक नहीं हो सकी है। युवक के सिर सहित शरीर के अन्य हिस्सों में चोट के निशान मिलने और पूरा शरीर खून से सना होने के कारण हत्या की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने शव का पंचनामा कराकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है,मामले की जांच जारी है।

- मृतक की नहीं हो सकी शिनाख्त, फॉरेन्सिक टीम, डॉग स्क्वायड और साइबर सेल की टीम ने जुटाए साक्ष्य



प्राप्त जानकारी अनुसार, शनिवार की सुबह महावीरपुर ग्राम पंचायत के सरपंच ने जयनगर पुलिस को पंचायत सड़क पर नाली के किनारे एक युवक का शव पड़े होने की सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अमित गुप्ता ने उच्च अधिकारियों को घटना से अवगत कराया और एफएसएल, डॉग स्क्वायड तथा साइबर सेल की टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए और आसपास के लोगों से पूछताछ करते हुए मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया। मृतक युवक की उम्र करीब 25 वर्ष आंकी गई है,उसने लाल रंग की टी-शर्ट और नीले रंग का पैजामा पहन रखा था,शव एनएच-43 से लगे क्षेत्र में पंचायत भवन की ओर जाने वाली सड़क पर नाली के पास मिला। बताया जाता है कि शाम ढलने के बाद इस मार्ग पर लोगों की आवाजाही कम हो जाती है।

किसी अन्य जगह हत्या कर शव लाकर फेंके जाने की आशंका

शव की स्थिति और शरीर पर चोट के निशान को देखते हुए पुलिस इस आशंका से भी जांच कर रही है कि युवक की हत्या कहीं अन्य स्थान पर करने के बाद शव को यहां लाकर फेंका गया गया है, हालांकि, घटना की वास्तविक परिस्थितियों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस जांच के बाद ही हो सकेगा। फिलहाल जयनगर पुलिस मृतक की पहचान करने में जुटी है। साथ ही घटनास्थल से मिले साक्ष्यों के आधार पर मामले की विभिन्न पहलुओं से जांच की जा रही है।

सब-जूनियर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां, महिलाओं-बालिकाओं ने मचाई धूम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

भगवान अग्रसेन की 5150वीं जयंती से पहले शहर में अग्रवाल समाज का उत्सव लगातार रंग जमा रहा है।

- कई मनोरंजक प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने दिखाया उत्साह, अग्रसेन चौक पर होगी महाआरती

अग्रवाल सभा की ओर से आयोजित सामाजिक, सांस्कृतिक और मनोरंजक कार्यक्रमों में समाज के लोग बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं। इसी कड़ी में पुरुषों और बच्चों के लिए सब-जूनियर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतियोगिता तथा महिलाओं और बालिकाओं के लिए डांस विद योर पार्टनर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

सब-जूनियर सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दीं। गीत, नृत्य और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उनकी प्रस्तुतियों को देखकर लोगों उत्साह बढ़ाया और सराहना की। डांस विद योर पार्टनर प्रतियोगिता में महिलाओं और बालिकाओं ने अपने साथियों के साथ ताल से ताल मिलाकर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए। इस प्रतियोगिता ने दर्शकों का विशेष ध्यान खींचा। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं और बालिकाओं के लिए म्यूजिकल हाउजी प्रतियोगिता भी रखी गई। साथ ही पुरुषों और बच्चों के लिए ह्यूमन लूडो, सीप ताश और सामान्य ज्ञान प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। बिंदी लगाओ प्रतियोगिता में भी प्रतिभागियों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। अग्रवाल सभा के अध्यक्ष संजय मित्तल ने कार्यक्रम का संचालन किया और प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि जयंती उत्सव में समाज के सभी वर्गों की भागीदारी सराहनीय है। इन आयोजनों के माध्यम से समाज के लोग एकजुट हो रहे हैं और शिक्षा, सेवा, भाईचारे तथा समाज की उन्नति को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का संदेश दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि जयंती से पहले आयोजित प्रतियोगिताएं हर आयु वर्ग को जोड़ने के साथ महिलाओं और बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच देती हैं। आयोजनों को सफल बनाने में अग्रवाल सभा के अध्यक्ष संजय मित्तल, उपाध्यक्ष मनोज अग्रवाल और शुभम अग्रवाल, सचिव संजय अग्रवाल, घनश्याम गर्ग, पवन अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल, मनोज जैन, रुपेश मित्तल,विनोद अग्रवाल, कैलाश गोयल, जनम अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, हेमंत अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, विजय बंसल,सुशील गोयल,अश्वनी लाल गर्ग, आयुष अग्रवाल और सहित अन्य सदस्य सक्रिय रहे। महिला सभा की अध्यक्ष मधु अग्रवाल, उपाध्यक्ष मधु गर्ग, सचिव ममता गर्ग, अंजू पोद्दार, मंजू अग्रवाल, प्रेमलता गोयल, नीलिमा अग्रवाल, सरिता सुल्तानिया और कविता अग्रवाल सहित अन्य महिलाओं ने आयोजन में भूमिका निभाई।



आज निकलेगी अग्रसेन जयंती की भव्य शोभायात्रा

भगवान अग्रसेन की जयंती पर रविवार को शहर में विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। दिन की शुरुआत सुबह करीब 5 बजे प्रभात फेरी से होगी। इसके बाद सुबह 8.30 बजे हवन-पूजन किया जाएगा। सुबह करीब 11 बजे समाज के लोगों के लिए अग्रसेन भोज का आयोजन होगा। दोपहर 2 बजे नगर के विभिन्न मार्गों से धूमधाम के साथ शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसमें समाज के लोग उत्साहपूर्वक शामिल होंगे। शोभायात्रा अग्रसेन चौक पहुंचेगी जहां भगवान अग्रसेन की महाआरती की जाएगी। होटल में प्रश्न मंच और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का अंतिम चरण आयोजित होगा। जयंती उत्सव के दौरान हुई विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार दिए जाएंगे। साथ ही कक्षा 10वीं और 12वीं में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले समाज के विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। समाज का गौरव बढ़ाने वाले अन्य प्रतिभाशाली लोगों का भी सम्मान होगा।

पृष्ठ 1 का शेष

परीक्षा के तनाव, मोबाइल...

देने के लिए प्रेरित किया। जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट डॉ. सुमन कुमार ने मोबाइल के अत्यधिक उपयोग के मानसिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक दुष्प्रभावों की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित दिनचर्या अपनाने, पर्याप्त नींद लेने, सकारात्मक सोच विकसित करने तथा पढ़ाई और मनोरंजन के बीच संतुलन बनाए रखने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि मानसिक परेशानी होने पर अभिभावकों, शिक्षकों या मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों से खुलकर बात करनी चाहिए। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को भारत सरकार की टेली-मानस मानसिक स्वास्थ्य सेवा के बारे में बताया गया। उन्हें जानकारी दी गई कि मानसिक तनाव, चिंता और भावनात्मक परेशानी की स्थिति में टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 14416 के माध्यम से 24 घंटे, सातों दिन मानसिक स्वास्थ्य संबंधी सहायता प्राप्त की जा सकती है। समापन अवसर पर जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के साइकिएट्रिक सोशल वर्कर पुलेंद्र मोहले ने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने, जिम्मेदारीपूर्वक अध्ययन करने, सहपाठियों की सहायता करने तथा तनाव की स्थिति में सकारात्मक उपाय अपनाने की शपथ दिलाई।

अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस...

जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन डॉ. आयुष जायसवाल ने बालिकाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा, अधिकारों एवं सामाजिक सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बालिकाओं को समान अवसर उपलब्ध कराना तथा उनके स्वास्थ्य और शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना स्वस्थ एवं सशक्त समाज के निर्माण के लिए आवश्यक है। विशेषज्ञों ने भ्रूण हत्या एवं कन्या भ्रूण हत्या के दुष्परिणामों की जानकारी दी। उन्होंने बेटा-बेटी में भेदभाव समाप्त करने, बालिकाओं को जन्म लेने का समान अधिकार देने तथा समाज में उनके प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने पर जोर दिया। साथ ही, गर्भधारण एवं प्रसव पूर्व निदान तकनीक (लिंग चयन प्रतिषेध) अधिनियम, 1994 के प्रावधानों के बारे में बताया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बलवंत सिंह ने जिले के अभिभावकों, परिजनों एवं समाज प्रमुखों से बाल विवाह रोकने के लिए सामूहिक संकल्प लेने और जनजागरूकता बढ़ाने की अपील की।

बैकुंठपुर नगरपालिका चुनाव...

प्रत्येक वार्ड और बूथ पर संगठन की सक्रियता, अनुशासन और आपसी समन्वय के साथ चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की एकजुटता और जनता का विश्वास भाजपा की ऐतिहासिक जीत का आधार बनेगा। सह चुनाव प्रभारी एवं महापौर मंजूषा भगत ने कहा कि भाजपा ने महिलाओं को सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण के नए अवसर प्रदान किए हैं। नगर पालिका चुनाव में मातृशक्ति की भूमिका निर्णायक होगी। उन्होंने महिला कार्यकर्ताओं से घर-घर संपर्क कर भाजपा की जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास के संकल्प को जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया। सह चुनाव प्रभारी एवं पूर्व महापौर डमरू बेहरा ने कहा कि नगर पालिका चुनाव में भाजपा पूरी तैयारी और मजबूत रणनीति के साथ उतरेगी। वार्डों की स्थानीय समस्याओं और नागरिकों की अपेक्षाओं को प्राथमिकता देते हुए जनता के बीच जाएंगे। उन्होंने कहा कि संगठित प्रयासों और कार्यकर्ताओ के परिश्रम से भाजपा नगर पालिका में प्रचंड जीत हासिल करेगी। भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने कहा कि घड़ी चौक से मानस भवन तक उमड़ा कार्यकर्ताओ का उत्साह और अभूतपूर्व एकजुटता भाजपा की संगठनात्मक शक्ति का प्रमाण है। हमारे लिए कार्यकर्ता ही संगठन की आत्मा हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के विकास और सुशासन के संकल्प को बैकुंठपुर के प्रत्येक वार्ड तक पहुंचाएंगे। श्री तिवारी ने कहा, कार्यकर्ताओं का परिश्रम हमारी शक्ति, जनता का विश्वास हमारी पूंजी और बैकुंठपुर का विकास हमारा संकल्प है। कुमार चौक से लेकर मानस भवन तक दिखाई दिए उत्साह और बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओ की भागीदारी ने चुनावी तैयारियों को नई ऊर्जा प्रदान की। कार्यक्रम में जिला महामंत्री पंकज गुप्ता, कपिल जायसवाल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष वंदना राजवाड़े, नगर पंचायत अध्यक्ष गायत्री सिंह, जिला उपाध्यक्ष बसंत राय, अशोक जायसवाल, अनिल साहू, भानुपाल, अरशद खान, जिला मीडिया प्रभारी तीरथ राजवाड़े, जिला कार्यालय मंत्री मंजू जिवनानी, मंडल अध्यक्ष अनिल खटिक, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष सतेंद्र राजवाड़े, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सोनालाल राजवाड़े, राजेश साहू, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रीता यादव, सीए प्रशांत गुप्ता, मंडल महामंत्री रमन गुप्ता, सुवेज अहमद, हरिओम साहू, कमलेश शर्मा, सुनील सिंह पटना, गोकरण शुक्ला, रोशन राजवाड़े, अनुराग दुबे, प्रखर गुप्ता, विकास दुबे, राहुल खटिक, रेखा वर्मा, संजय मिश्रा, ऋषि शिवहरे, नोखेलाल कुर्रे, पन्नालाल गोयन, परमजीत कौर, अनीता गुप्ता, शाहिद असरफी सहित भारतीय जनता पार्टी के जिला एवं मंडल पदाधिकारी, मोर्चा-प्रकोष्ठों के पदाधिकारी, वार्डों के देवतुल्य कार्यकर्ता, मातृशक्ति एवं युवा साथी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

मानसिक स्वास्थ्य पर...

चिकित्सकीय सहायता लेने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे के मार्गदर्शन, सिविल सर्जन डॉ. अभय सिंह तोमर के नेतृत्व तथा जिला नोडल अधिकारी राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम (एनएमएचपी) डॉ. नम्रता चक्रवर्ती के समन्वय में आयोजित किया गया। जिला कार्यक्रम प्रबंधक शिशिर जायसवाल एवं प्रभारी हॉस्पिटल मैनेजर वीरेन्द्र साव का विशेष सहयोग रहा। रैली में के.बी. पटेल नर्सिंग कॉलेज के छात्र-छात्राओं, जिला चिकित्सालय के नर्सिंग स्टाफ और अग्रिम पंक्ति के स्वास्थ्य कर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने नारों और जागरूकता संदेशों वाली तख्तियों के माध्यम से लोगों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशील रहने का संदेश दिया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य शारीरिक स्वास्थ्य के समान ही महत्वपूर्ण है, लेकिन सामाजिक झिझक और भेदभाव के कारण कई लोग अपनी समस्याओं को खुलकर साझा नहीं कर पाते।

2 लाख रुपए की उठाईगिरी करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

प्रतापपुर। दो लाख रुपये की उठाईगिरी करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से नकद 1 लाख 37 हजार रुपए सहित घटना में उपयोग की गई बाइक को जब्त किया है। आरोपियों ने पीड़ित व्यक्ति जो बैंक से रुपए निकाल कर झोला में रखा था तभी आरोपियों ने मौका पाकर घटना को अंजाम देकर फरार हो गए थे। पुलिस ने घटना में शामिल फरार अन्य आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक ग्राम मानपुर खड़गवां निवासी रामसेवक गुप्ता ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि 18 सितंबर को स्कुटी क्रमांक सीजी 15 सीएक्स 9297 से प्रतापपुर आया था तथा सहकारी व स्टेट बैंक से 2 लाख रूपये निकाल कर प्लास्टिक झोला में रखा था जिसे अज्ञात आरोपीयों द्वारा उठाईगिरी कर फरार हो गए। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 303(2),3(5) 112, 238 के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने घटना स्थल के आसपास सीसीटीव्ही फुटेज खंगाला और तकनीकी संसाधनों व अन्य संकलित साक्ष्यों की मदद ली गई।

पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल ने आरोपियों की पतासाजी को और पुख्ता करते हुए उन्हें पकड़ने पुलिस टीम गठित कर जिला जशपुर के लिए रवाना किए। पुलिस की टीम ने बतौली क्षेत्र में दबिश देकर आरोपी पत्थलगांव अंतर्गत ग्राम झक्कडपुर स्कूलपारा निवासी संतोष कुमार मीणा उर्फ मोनू नट आ. वासुदेव मीणा (25 वर्ष) व बिहार के कटिहार कोढ़ा अंतर्गत ग्राम जुरावगंज निवासी रोहित यादव आ. सुन्दर यादव (34 वर्ष) को पकड़ा। पूछताछ पर आरोपियों ने उठाईगिरी की घटना को अंजाम देने की बात कबूल की। आरोपियों ने बताया कि बाइक क्रमांक सीजी 14 एमडब्ल्यू 3648 के सीट के नीचे एक लाख रुपये को छुपा कर रखा है तथा सफेद गमछा में 37 हजार रूपये भी है। आरोपियों के निशानदेही पर 1 लाख 37 हजार रुपये नगद, घटना में प्रयुक्त बाइक को जब्त कर किया। मामले फरार 2 अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

ग्राम पंचायत सिंगरी के ग्रामीणों को खराब ट्रांसफार्मर से मिली राहत

पोड़ीमोड़। एक पखवाड़े से बिजली की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों को उस राहत मिली जब शिव भजन मरावी के प्रयासों ने खराब ट्रांसफार्मर को बदल नया ट्रांसफार्मर लगाया गया। पिछले 15 दिन से ग्रामीण बिजली सप्लाई बंद होने से काफी परेशान थे।

ग्राम पंचायत सिंगरी में 15 दिन पूर्व ही ट्रांसफार्मर खराब गया था जिससे गांव में बिजली सप्लाई पूरी तरह से ठप हो गई। ऐसे में ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। बिजली न होने से रात में अंधेरा, पीने के पानी की किल्लत और बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित होने लगी। ग्रामीणों ने कई बार बिजली विभाग से शिकायत की लेकिन विभाग द्वारा मामले को गंभीरता से नहीं लिया जिसका खामियाजा गांव के लोगों को भुगतना पड़ रहा था। इसी बीच ग्रामीणों ने समाजसेवी शिवभजन सिंह मरावी से संपर्क कर अपनी समस्या से अवगत कराया। शिव भजन सिंह मरावी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल बिजली विभाग के अधिकारियों से बात की और तत्काल नया ट्रांसफार्मर लगवाने की पहल की। शिव भजन मरावी की पहल से आज ग्राम पंचायत सिंगरी में नया ट्रांसफार्मर लगा दिया गया है, जिससे गांव में बिजली आपूर्ति बहाल हो गई है। ट्रांसफार्मर लगने पर ग्रामीणों में खुशी की लहर है। ग्रामीणों ने कहा कि श्री मरावी हमेशा गरीबों और ग्रामीणों की मदद के लिए आगे रहते हैं।



5 महाप्रबंधकों को नई जिम्मेदारी

बिश्रामपुर। एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर प्रबंधन ने शुक्रवार की शाम नया आदेश जारी कर 5 क्षेत्रों के महाप्रबंधकों के पदस्थापना स्थल बदलकर उन्हें नई जिम्मेदारी सौंपी है।जारी नवीन तबादला आदेश में भटगांव जीएम शरद तिवारी का तबादला कर उन्हें दीपका जैसे मेगा प्रोजेक्ट की जिम्मेदारी सौंपी है, गेवरा जीएम एसके मिश्रा को गेवरा से हटाकर मुख्यालय में सीएमडी का ओएसडी नियुक्त किया गया है।वहीं दीपका जीएम अशोक कुमार को गेवरा जैसे महत्वपूर्ण मेगा प्रोजेक्ट की जिम्मेदारी सौंपी गई है,मुख्यालय में पदस्थ डीटी पी एंड पी के टी एस महाप्रबंधक अभिजीत भट्टाचार्य कोरबा के नए महाप्रबंधक नियुक्त किए गए हैं,सोहागपुर क्षेत्र के जीएम ऑपरेशन मनीष कुमार श्रीवास्तव भटगांव क्षेत्र नए महाप्रबंधक नियुक्त किए गए हैं।मुख्यालय में पदस्थ महाप्रबंधक शिव कुमार बी डीटी पी एंड पी के टीएस नियुक्त किए गए हैं, वे वर्तमान पद के साथ टी एस का अतिरिक्त कार्य देखेंगे।

- मनीष कुमार श्रीवास्तव होंगे भटगांव के नए जीएम, शरद तिवारी दीपका जीएम बने

साप्ताहिक बाजार से चोर ले उड़े बाइक

सूरजपुर। ग्राम देवीपुर डबरीपारा निवासी पुरुषोत्तम सिंह आ. भैयालाल सिंह (21 वर्ष) 7 अक्टूबर को सूरजपुर साप्ताहिक बाजार खरीदारी करने बाइक क्रमांक सीजी 15 डीजी 3179 से गया था। बाइक को साप्ताहिक बाजार परिसर में खड़ा कर खरीदारी करने चला गया। कुछ समय बाद वापस लौटा तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक का कहीं पता नहीं चला तो बाइक चोरी होने की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई।



'द ओडिसी' ने भारत में रचा इतिहास, आईएमएएक्स से 100 करोड़ कमाने वाली पहली फिल्म बनी

मुंबई। हॉलीवुड निर्देशक क्रिस्टोफर नोलन की फिल्म 'द ओडिसी' ने भारत में इतिहास रच दिया है। सिर्फ आईएमएएक्स स्क्रीन्स के जरिए 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने वाली पहली फिल्म बन गई है। इससे पहले किसी भारतीय या अंतरराष्ट्रीय फिल्म ने यह उपलब्धि हासिल नहीं की थी। यह फिल्म 17 जुलाई, 2026 को भारत और दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज हुई। इसने 16 सितंबर को अपने 9वें हफ्ते में यह आंकड़ा पार किया, जिसका आधिकारिक ऐलान अब किया गया है। निर्माताओं द्वारा की गई घोषणा के अनुसार, फिल्म की कुल भारतीय कमाई में आईएमएएक्स का योगदान लगभग 43 प्रतिशत रहा, जबकि देशभर में कुल स्क्रीनों में से सिर्फ 1 प्रतिशत से कुछ ज्यादा स्क्रीन आईएमएएक्स द्वारा प्रदर्शित की गई थीं। इस उपलब्धि के साथ, 'द ओडिसी' भारतीय सिनेमा के इतिहास में सबसे कमाऊ आईएमएएक्स फिल्म बन चुकी है।

लाइफ Style

यामी गौतम

यामी गौतम की फिल्म 'नई नवेली' दशहरा के मौके पर दर्शकों का मनोरंजन करने आ रही है। फिल्म का ट्रेलर निर्माताओं द्वारा जारी किया जा चुका है, जिसमें अभिनेत्री का अब तक का सबसे अलग किरदार दिखा।

'नई नवेली' के गाने में जमकर झूमीं

एजेंसी ⏭ मुंबई

अब इसका नया गाना 'फटा पटाखा' यूट्यूब पर जारी किया गया है जो ऊर्जा से भरपूर एक धमाकेदार डांस पार्टी पर केंद्रित है। इसमें जॉम्बी के साथ यामी का डांस देखने लायक है। यह गाना सुनने वालों को झूमने पर मजबूर कर देगा। जॉम्बी पार्टी करती दिखीं यामी, दिखी अनोखी दुनिया जी म्यूजिक कंपनी द्वारा अमेजन, एमजीएम स्टूडियोज और कलर येलो के सहयोग से प्रस्तुत, 'फटा पटाखा' को मधुबंती बागची ने आवाज दी है।

संगीत जीवी प्रकाश कुमार ने दिया है और बोल वायु ने लिखे हैं। गाने के वीडियो में जॉम्बी की एक अनोखी दुनिया दिखती है, जिसमें यामी डांस कर रही हैं। बालाजी मोहन द्वारा निर्देशित 'नई नवेली' एक मनोरंजक-पारिवारिक फिल्म है, जिसमें कॉमेडी, रहस्य और रोमांच का तड़का लगाया गया है। यह 16 अक्टूबर, 2026 को रिलीज होगी।



हॉलीवुड मसाला



दुर्लभ जीवों को बचाने देंगे 1,700 करोड़

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड सुपरस्टार लियोनार्डो डिकैप्रियो और अमेजन के संस्थापक जेफ बेजोस ने विलुप्त होने की कगार पर खड़े दुर्लभ जीवों को बचाने के लिए एक बड़ी वैश्विक पहल की है। डिकैप्रियो के संगठन 'री:वाइल्ड' और 'बेजोस अर्थ फंड' ने मिलकर 'फोनिक्स स्पीशीज प्रोजेक्ट' की घोषणा की है। इस प्रोजेक्ट के तहत दुनिया की 100 अति-संकटग्रस्त प्रजातियों, जिनमें पैंगोलिन, सालामैंडर और दुर्लभ जंगली सूअर शामिल हैं, जिनके संरक्षण के लिए लगभग 1,700 करोड़ रुपये की भारी-भरकम वित्तीय सहायता दी जाएगी। इस पहल के लिए कुल 1,700 करोड़ रुपये का फंड तैयार किया गया है। इसमें से 850 करोड़ रुपये 'बेजोस अर्थ फंड' ने दिए हैं, जबकि बाकी 850 करोड़ रुपये डिकैप्रियो के 'री:वाइल्ड', 'एज ऑफ यूनियन' और 'टॉड ग्रेव्स फैमिली फाउंडेशन' से मिले हैं।



कीगन एलन के साथ हुई बंदूक की नोक पर लूटपाट

लॉस एंजिल्स। 'प्रीटी लिटिल लायर्स' और 'वॉकर' जैसी फिल्मों में नजर आ चुके हॉलीवुड अभिनेता कीगन एलन के साथ एक दिल दहला देने वाला हादसा हुआ है। बंदूक की नोक पर उनके साथ लूटपाट की गई और उनके साथ मारपीट भी हुई। ये हादसा वेस्ट हॉलीवुड में हुआ, जहां 2 नकाबपोशों ने उन पर अचानक हमला कर दिया। घटना के बाद अभिनेता ने अपना एक वीडियो साझा किया और दावा किया कि वेस्ट हॉलीवुड अब सुरक्षित नहीं है। ये घटना बुधवार को हुई, जब एलन एक किराने की दुकान के बाहर थे। हमलावरों ने पहले उनके सिर पर वार किया, उन्हें जान से मारने की धमकी दी और उनकी घड़ी चुरा ली। उन्होंने हमले क्लिप भी साझा किया। इसमें काले कपड़े पहने 2 लोग अभिनेता के पास आते और उन पर बंदूक तानते हुए दिख रहे हैं। एलन अपनी घड़ी उन्हें सौंपते हुए दिखाई देते हैं, जिसके बाद एक लुटेरा उनके सिर पर वार करता है। इस घटना से जुड़ा जो वीडियो एलन ने साझा किया, उसमें उनका सिर खून से लथपथ था। उन्होंने बताया, 2 नौजवानों ने बंदूक और चाकू की नोक पर मुझसे लूटपाट की। उन्होंने मेरी घड़ी के लिए मुझे जान से मारने की धमकी दी और मार भी डालते।



पैपराजी पर फूटा गुस्सा... अभिनेत्री ने तोड़ी चुप्पी

मुंबई। सालों से बॉलीवुड से दूरी बनाने वालीं बिपाशा बसु अब फिल्मों में वापसी करने के लिए तैयार हैं। वह इन दिनों मुंबई में अपनी नई वेब सीरीज की शूटिंग में व्यस्त हैं। हालांकि, उनसे जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है। लोगों ने सवाल उठाए हैं कि बिपाशा वीडियो में पैपराजी पर भड़क गईं थीं, जिस पर अब अभिनेत्री ने अपनी चुप्पी तोड़ते हुए सफाई दी है। वीडियो में बिपाशा एक फिल्म स्टूडियो के बाहर दिखाई दीं, जहां पैपराजी भी मौजूद थे। इस दौरान वह जल्दी में लगीं और कथित तौर पर पैपराजी पर भड़क गईं। अभिनेत्री ने कहा, चलिए यहां से, किसने बुलाया आपको? इस वीडियो को एक इंस्टाग्राम अकाउंट ने साझा करते हुए बिपाशा पर उंगली उठाई कि वह पैपराजी को नजरअंदाज कर रही हैं और उन पर गुस्सा करती नजर आई हैं।



नानी ने किया निथिन की 'एलियास रुक्मिणी' का ऐलान

मुंबई। नानी अब एक नई तेलुगू फिल्म 'एलियास रुक्मिणी' के प्रस्तुतकर्ता बन गए हैं। यह फिल्म निथिन अभिनीत है और 4 दिसंबर, 2026 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह घोषणा अभी हुई है, साथ ही 13 अक्टूबर को फिल्म के मुख्य किरदार के बारे में और जानकारी देने का वादा किया गया है। नानी ने इस फिल्म को 'साल की सबसे खूबसूरत तेलुगू फिल्म' बताया है। मुरली कांत देवसोथ ने इस फिल्म का निर्देशन किया है और इसके निर्माता दीप्ती गांटा हैं। फिल्म की कहानी में एक दिलचस्प मोड़ है, जहां निथिन का किरदार खुलासा करता है कि रुक्मिणी, जिसका नाम एक लेखक के तौर पर सामने आता है, असल में उसकी पत्नी है। फिल्म की पहली शूटिंग शेड्यूल सितंबर में पूरी हो गई थी, जिसमें साई कुमार और हर्षा वर्धन जैसे कलाकार भी शामिल हुए थे।

टीवी मसाला



माधुरी दीक्षित के शो में आने वाले थे नाना पाटेकर, अब इस अभिनेत्री ने ली जगह

मुंबई। नाना पाटेकर सोनी मराठी के आगामी क्विज शो 'कोण होणार करोडपती' के पहले एपिसोड में आने वाले थे। शो की मेजबानी माधुरी दीक्षित कर रही हैं, जो दिग्गज अभिनेता के साथ फिल्म 'वजूद' (1998) में काम कर चुकी हैं। यह शो नाना और माधुरी के लंबे समय बाद पुनर्मिलन का प्रतीक बनने वाला था, लेकिन ऐसा मुमकिन नहीं हो सका। अभिनेता का 8 अक्टूबर को 75 साल की उम्र में अचानक दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। खबरों के मुताबिक, निधन से पहले नाना 'कोण होणार करोडपती' की शूटिंग करने वाले थे। अब उनकी जगह अभिनेत्री सोनाली बेंद्रे को बतौर मेहमान प्रीमियर एपिसोड में देखा जाएगा। शो 12 अक्टूबर से शुरू हो रहा है और इसके साथ ही माधुरी व सोनाली पहली बार एक साथ स्क्रीन पर नजर आएंगी। दोनों का भारतीय सिनेमा में करियर काफी लंबा रहा है, लेकिन इसके बावजूद माधुरी और सोनाली ने कभी किसी फिल्म में साथ काम नहीं किया। माधुरी ने अपने इंस्टाग्राम पर नाना की तस्वीर साझा करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी थी। उन्होंने लिखा था, 'एक महान कलाकार, एक सशक्त व्यक्तित्व और एक अविस्मरणीय आवाज... नाना पाटेकर के निधन से फिल्म जगत ने एक अनमोल और दिग्गज अभिनेता को खो दिया है। उनके परिवार और प्रियजनों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं। यह मेरी ओर से उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि है।'

'बिग बॉस 20' में आम्रपाली दुबे ने स्काउटओपी की लव गिल से करीबी पर उठाए सवाल

'बिग बॉस 20' के घर में उस वक्त थोड़ा अजीब माहौल बन गया, जब आम्रपाली दुबे ने प्रतियोगी स्काउटओपी (तन्मय सिंह) और लव गिल के बीच बढ़ती नजदीकियों पर ध्यान दिलाया। दरअसल, स्काउट ने लव को उनकी शर्ट के अंदर से मसाज दिया था। इसके बाद आम्रपाली ने लव से बातचीत की और समझाया कि बाहर से देखने वालों को उनके ये काम कैसे लग सकते हैं। आम्रपाली ने लव को बहुत नरमी से समझाया कि उन्हें थोड़ा सावधान रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे पल उनके उन पार्टनर्स पर असर डाल सकते हैं, जो बाहर इंतजार कर रहे हैं। भले ही स्काउट ने लव के साथ अपने रिश्ते को भाई-बहन जैसा बताया हो, पर उन्होंने ये भी माना है कि उन्हें पजेसिवनेस महसूस होती है। फैंस ने इस बात पर खास ध्यान दिया है, क्योंकि उनकी गर्लफ्रेंड काश्वी हीरानंदानी शो के बाहर हैं।



'बिग बॉस' मलयालम 8 में विपिन दास की धमाकेदार एंट्री

मुंबई। एक बड़े एविक्शन के बाद, विपिन दास नैर ने 'बिग बॉस मलयालम 8' में वाइल्ड कार्ड के रूप में एंट्री की है, जिससे शो में हलचल मच गई है। वे अभिनय के क्षेत्र में कदम रख रहे हैं और साथ ही कंटेंट क्रिएटर व आर्टिस्ट के तौर पर भी अपनी पहचान बना चुके हैं। उन्होंने 2023 में 'द नेक्स्ट टॉप एंकर' शो में हिस्सा लिया था, जिसमें नायला उषा, साबूमोन, कार्तिक सूर्या और मीनाक्षी जैसे मशहूर लोग जज थे।



विपिन ने शो में भरी ऊर्जा

रियलिटी टीवी की दुनिया में कदम रखने और 'भरतनाट्यम' में एक छोटे से विवाद के बाद, विपिन 'बिग बॉस मलयालम' में अपनी अनोखी एनर्जी और कन्फेशन रूम के मजेदार पलों के साथ छा गए हैं। खास बात यह है कि मलयालम पढ़ने में उन्हें मुश्किल हो रही है, जिससे उनके 'बिग बॉस' के सफर को एक अनूठा मोड़ मिल गया है। इससे फैंस भी यह जानने के लिए उत्सुक हैं कि वह आगे इस खेल में क्या बदलाव ला सकते हैं।

स्वरा-प्रियंका का खेल बिगाड़ने आ रहे ऋषभ, जशवंत और सोनम मलिक

मुंबई। रियलिटी शो 'राइज एंड फॉल 2' में अब 3 नए वाइल्ड कार्ड प्रतियोगियों की एंट्री होने वाली है। इनमें अभिनेता और कंटेंट क्रिएटर ऋषभ जायसवाल, रियलिटी शो स्टार जशवंत बोपन्ना और अभिनेत्री सोनम मलिक के नाम शामिल हैं। शो को पूर्व क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग होस्ट कर रहे हैं। स्वरा भास्कर और प्रियंका चाहर चौधरी जैसे प्रतियोगियों के बीच इन नए सदस्यों की एंट्री से मुकाबला और दिलचस्प होने की उम्मीद है।



शानदार प्रोमो से हुई वाइल्ड कार्ड्स की घोषणा

नए प्रतियोगी ऋषभ मशहूर टीवी एक्टर और कंटेंट क्रिएटर, जशवंत जानी-मानी रियलिटी टीवी पर्सनैलिटी और सोनम एक अभिनेत्री हैं। इसकी घोषणा अमेजॉन एमएक्स प्लेयर के अधिकारी सोशल मीडिया पेज पर की गई है। शानदार प्रोमो साझा करते हुए लिखा गया, 'एक नहीं, 2 नहीं, अब सीधा 3 नए प्लेयर। टावर का बैलेंस हिलने वाला है।' अब देखना ये होगा कि इन तीनों में कौन रूलर बनकर पेंटहाउस जाता है और कौन बेसमेंट का वर्कर बनता है।

शो में आने से पहले ही मिल गए थे संकेत

इस आधिकारिक घोषणा से पहले ही तीनों प्रतियोगियों ने सोशल मीडिया पर शो में आने के संकेत देने शुरू कर दिए थे। ऋषभ, सोनम और जशवंत ने अपने-अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर चेहरे छिपाकर और हाथों में काले रंग के वाइल्ड कार्ड लेकर तस्वीरें साझा की थीं।ऋषभ इससे पहले स्प्लिट्सविला 14' और 'रोडीज सीजन 19' में नजर आ चुके हैं, वहीं जशवंत भी रोडीज का हिस्सा रह चुके हैं और उन्होंने 'स्प्लिट्सविला 15' का खिताब अपने नाम किया था।

ये फैसला महाराष्ट्र में पड़े भीषण सूखे के बीच लिया गया

'रामायण' के गाने का लॉन्च इवेंट रद्द, टालना पड़ा नवरात्रि का बड़ा कार्यक्रम

एजेंसी ⏭ मुंबई

रणबीर कपूर और साई पल्लवी की फिल्म 'रामायण पार्ट 1' जल्द ही दुनियाभर में रिलीज होने वाली है। इसी बीच रविवार, 11 अक्टूबर को महाराष्ट्र के रामटेक में इस फिल्म के एक गाने का लॉन्च इवेंट आयोजित होने वाला था। हालांकि, नवरात्रि के पहले दिन होने वाले इस इवेंट को टाल दिया गया है। ये फैसला महाराष्ट्र में पड़े भीषण सूखे के बीच लिया गया है, जिससे किसानों को राहत पहुंचाना सरकार की पहली प्राथमिकता है।



रामायण की टीम भी किसानों की मदद से लिए तैयार

पोस्ट में आगे लिखा गया, 'इस कार्यक्रम का उद्देश्य रामटेक की भूमि के महत्व को उजागर करना था, जिसे भगवान श्री रामचंद्र के चरणों के स्पर्श से पवित्र किया गया था।' उन्होंने बताया कि मौजूदा हालात में किसानों की मदद करना उनकी सबसे बड़ी प्राथमिकता है। जयसवाल ने आगे कहा कि फिल्म की टीम ने किसानों की मदद करने की इच्छा जताई थी। उन्होंने उन सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स का भी शुक्रिया अदा किया, जिन्होंने इस इवेंट का प्रचार किया था।

इंस्टाग्राम पर की गई थी इसकी घोषणा

स्थानीय विधायक आशीष जायसवाल ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें रामायण की टीम के साथ होने वाले भव्य इंटरैक्शन प्रोग्राम को टालने की घोषणा की गई थी। हालांकि, अब ये वीडियो उपलब्ध नहीं है। पोस्ट के कैप्शन में जायसवाल ने लिखा, 'हम आप सभी को बताना चाहते हैं कि 11 अक्टूबर को रामटेक में होने वाला 'रामायण' की पूरी टीम के साथ एक बड़ा कार्यक्रम कुछ जरूरी वजहों से टाल दिया गया है।'

'रामायण' की टीम की तरफ से नहीं आई कोई जानकारी

इस इवेंट के टलने के बाद, अभी यह साफ नहीं है कि निर्माता इसे ऑनलाइन रिलीज करेंगे या किसी और लॉन्च इवेंट की योजना बनाएंगे। टीम ने इस बारे में अभी तक कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी है।

खबर संक्षेप

जिला स्तरीय रोजगार मेला 12 को, होगी सीधी भर्ती

बलरामपुर। जिले के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार दिलाने के लिए 12 अक्टूबर को एक दिवसीय जिला स्तरीय रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। जिला प्रशासन तथा जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में यह मेला जनपद पंचायत सभाकक्ष में सुबह 10.30 बजे से शाम 4 बजे तक चलेगा। मेले में राज्य और राष्ट्रीय स्तर की 5 निजी कंपनियां 452 पदों पर सीधी भर्ती करेंगी। भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह निःशुल्क है और प्रदेश के सभी जिलों के फ्रेशर व अनुभवी महिला-पुरुष अभ्यर्थी इसमें शामिल हो सकते हैं। सबसे अधिक 200 पद परिश्रम रिसोर्सेज के हैं जिसमें मीटर इंस्टॉलर और पिकर पैकर की भर्ती होगी। एम/एस फायर एंड सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट सिक्योरिटी गार्ड, पैकेजिंग स्टाफ, फायरमैन और वार्ड बॉय के 105 पदों पर भर्ती करेगा।

रंजिश को लेकर ग्रामीण से मारपीट, अपराध दर्ज

अम्बिकापुर। चंदोरा थाना अंतर्गत ग्राम गोविंदपुर निवासी शिव प्रसाद (55 वर्ष) 8 अक्टूबर को दिन करीब 12.30 बजे घर के समीप नहर के पास भैंस चरा रहा था। इसी दौरान गांव के ही दरोगा सिंह पहुंचा और पुरानी रंजिश को लेकर गाली-गलौज करते हुए मारपीट करना शुरू कर दिया। घटना को देख आसपास मौजूद लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। पीड़ित ग्रामीण ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई।

वोट चोरी के मुद्दे पर कांग्रेस का काला दिवस, फूंका पुतला



हरदीबाजार। वोट चोरी के मुद्दे को लेकर कांग्रेस ने ग्राम बोईदा में विरोध प्रदर्शन करते हुए काला दिवस मनाय गया। एआईसीसी एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार तथा जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा (ग्रामीण) के आह्वान पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी हरदीबाजार के तत्वावधान में बोईदा बस स्टैंड स्थित अटल चौक पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुतला दहन कर विरोध जताया कार्यक्रम का नेतृत्व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी हरदीबाजार के अध्यक्ष कौशल श्रीवास ने किया। प्रदर्शन में पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इसके अलावा ब्लॉक प्रभारी गुलशन जायसवाल, जिला एनएसयूआई अध्यक्ष मनमोहन राठौर, मंडल कांग्रेस उतरदा अध्यक्ष शेखर पटेल सहित विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यकर्ताओं ने वोट चोरी के मुद्दे को लेकर नारेबाजी की और मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग उठाई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर ने भी मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग की। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर लोकतांत्रिक व्यवस्था और चुनाव प्रक्रिया से जुड़े मुद्दों को लेकर काला दिवस मनाया जा रहा है। बोईदा के अटल चौक पर कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। किया।

चार हजार की नौकरी से 30 लाख के उद्यम तक पहुँची अंजना

डस्टबिन में मिला एक फटा पन्ना, उसी ने दिखाई आत्मनिर्भरता की राह

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

जिले के बैकुंठपुर विकासखंड के ग्राम तोलगा की अंजना उरांव के जीवन में भी बदलाव की शुरूआत किसी बड़े मंच से नहीं, बल्कि कार्यालय के डस्टबिन में पड़े एक फटे हुए पन्ने से हुई। डस्टबिन में पड़े उस पन्ने पर लिखा था प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम दूसरों के लिए वह कागज का टुकड़ा था, लेकिन अंजना के लिए वह उनके भविष्य का दरवाजा बन गया। उन्होंने उस पन्ने को उठाया, पढ़ा, योजना को समझने की कोशिश की और मन ही मन तय कर लिया कि अब जिंदगी केवल सीमित आय वाली नौकरी तक नहीं रहेगी। वे अपना काम शुरू करेंगी, आत्मनिर्भर बनेंगी और दूसरों के लिए भी रोजगार का अवसर तैयार करेंगी।

आज वही अंजना उरांव अपनी अंजना इंटरप्राइजेज फ्लाईऐश ईंट निर्माण इकाई संचालित कर रही हैं। लगभग 30 लाख रुपये के बैंक ऋण से शुरू हुआ उनका यह उद्यम अब तक करीब 20 लाख फ्लाईऐश ईंटों का उत्पादन कर चुका है। गांवों में बन रहे प्रधानमंत्री आवासों के लिए इन ईंटों की आपूर्ति कर अंजना न केवल अपने परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत कर रही हैं, बल्कि जरूरतमंद परिवारों के लिए पक्के आशियाने के निर्माण में भी अपनी भूमिका निभा रही हैं। अंजना उरांव स्नातकोत्तर शिक्षित हैं। इसके बावजूद वे जनपद पंचायत खड़गवां में अंशकालिक डाटा एंट्री ऑपरेटर के रूप में महज चार हजार रुपये मासिक मानदेय पर कार्यरत थीं। परिवार, खेती-बाड़ी और बच्चों की जिम्मेदारियों के बीच सीमित आय में जीवन आगे बढ़ रहा था। ऐसे ही एक दिन कार्यालय के डस्टबिन में पड़े कचरे को बाहर फेंकने गई तब उनकी नजर डस्टबिन में पड़े एक फटे हुए पन्ने पर पड़ी। उस पर प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम की जानकारी थी। अंजना ने उसे पढ़ा और योजना के बारे में जानकारी जुटाने का निर्णय लिया। यही वह क्षण था, जब एक सामान्य गृहस्थ महिला के भीतर छिपी उद्यमी बनने की इच्छा ने आकार लेना शुरू किया। जिला उद्योग केंद्र से जानकारी लेने के बाद अंजना ने पोड़ी-बचरा क्षेत्र में संचालित फ्लाईऐश ईंट निर्माण इकाई का अवलोकन किया। वहां उन्होंने देखा कि सीमित संसाधनों से भी उद्योग खड़ा किया जा सकता है और स्थानीय स्तर पर इसकी अच्छी मांग है। बस फिर क्या था। उन्होंने तय कर लिया कि वे भी फ्लाईऐश ईंट निर्माण इकाई स्थापित करेंगी। इसके बाद शुरू हुआ असली संघर्ष-दस्तावेज तैयार करना, विभागीय प्रक्रिया पूरी करना, बैंक के चक्कर लगाना, ऋण के लिए प्रयास करना और बार-बार आने वाली अड़चनों का सामना करना। कई बार ऋण स्वीकृत नहीं हुआ। कई बार उम्मीद टूटी। लेकिन अंजना के इरादे नहीं टूटे। इस पूरे संघर्ष में अंजना को सबसे बड़ा सहारा मिला उनके पति अनिल कुमार का। अनिल कुमार दसवीं तक पढ़े हैं। उद्योग का कोई पूर्व अनुभव नहीं था। खेती और परिवार की जिम्मेदारियों के बीच उन्होंने पत्नी के सपने को अपना सपना बना लिया। जब समाज और परिचितों की ओर से हतोत्साहित करने वाली बातें सामने आईं, तब पति ने अंजना का हौसला बढ़ाया। आखिरकार बैकुंठपुर स्थित एचडीएफसी बैंक से 30 लाख रुपये का ऋण स्वीकृत हुआ। कटघोरा से मशीनें मंगाई गईं। शेड का निर्माण कराया गया। कोरबा से फ्लाईऐश तथा स्थानीय स्तर पर रेत और सीमेंट की व्यवस्था की गई। धीरे-धीरे वह सपना, जिसे कभी एक फटे हुए कागज के टुकड़े ने जन्म दिया था, जमीन पर आकार लेने लगा।



प्रतिदिन 15 हजार ईंटों की उत्पादन क्षमता, लाखों का कारोबार

ईंटों की बढ़ती मांग को देखते हुए अंजना ने ईंट रखने के लिए बड़ी संख्या में लकड़ी की ट्रॉली (पीढ़ा) भी खरीदी है। उनकी इकाई में प्रतिदिन करीब 15 हजार ईंटों के उत्पादन की क्षमता है। उन्होंने बताया कि उत्पादन के दौरान प्रतिमाह लगभग 6 से 7 लाख रुपये का कारोबार हुआ है। बारिश के कारण जुलाई माह से फिलहाल ईंट निर्माण का काम बंद है। बारिश में उत्पादन प्रभावित होने के साथ मजदूरों की उपलब्धता में भी परेशानी होती है। अंजना बताती हैं कि जब उन्होंने उद्योग शुरू करने का निर्णय लिया था, तब परिवार, समाज और गांव के कुछ लोगों ने उनका मजाक भी बनाया। महिला होने के कारण उन्हें कई तरह की बातें सुननी पड़ीं। कई लोगों ने उन्हें इस काम से पीछे हटने की सलाह दी। लेकिन आज परिस्थितियां बदल गई हैं, जो लोग कभी कहते थे कि यह काम उनके लिए मुश्किल है, वही लोग आज उनकी मेहनत और सफलता की सराहना करते हैं। अंजना भावुक होकर कहती हैं लोग जिस डस्टबिन को कचरा समझते हैं, उसी डस्टबिन ने मुझे मेरी पहचान दी।

अक्टूबर से शुरू हुआ उत्पादन

अंजना की फ्लाईऐश ईंट निर्माण इकाई का अगस्त 2025 में लोकार्पण हुआ और अक्टूबर 2025 से उत्पादन प्रारंभ किया गया। इसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। लगातार मेहनत और बाजार की मांग के अनुरूप उत्पादन बढ़ता गया। अब तक उनकी इकाई में लगभग 20 लाख ईंटों का निर्माण हो चुका है। अंजना बताती हैं कि गांव-गांव में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बन रहे आवासों के लिए उनकी इकाई से बड़ी संख्या में ईंटों की बिक्री हुई है।

शहर से दूर हो रहे जिला मुख्यालय के दफ्तर, बढ़ी आमजन की परेशानी

हरिभूमि न्यूज : सक्ती



सक्ती नया जिला का उद्घाटन 9 सितंबर 2022 को होने के बाद क्षेत्र के लोगों को विकास और सहूलियतों की जो उम्मीदें थीं, वे धीरे-धीरे प्रशासनिक व्यवस्था की दूरियों के कारण निराशा में बदलती जा रही हैं। सक्ती को जिला बने भले भले ही 4 साल बीत गया हो, लेकिन जिला मुख्यालय से लेकर ब्लॉक स्तर तक के कार्यालयों के शहर से दूर (जेठा, डोंगिया और सकरेली) चले जाने के कारण चंद्रपुर, डभरा, मालखरौदा, अड़भार, छपोरा, जैजैपुर, हसौद और दमउधारा क्षेत्र के ग्रामीणों की मुश्किलें कम होने के बजाय कई गुना बढ़ गई हैं।जिला बनने पर आम जनता को यह आस थी कि अधिकांश जिला स्तरीय कार्यालय सक्ति शहर के आसपास (लगभग 1से 2 किलोमीटर के दायरे में) ही स्थापित होंगे। इससे दूर-दराज से आने वाले लोग आसानी से अपना काम निपटाकर, ब्लॉक मुख्यालय में खरीदारी कर सुगमता से घर लौट सकेंगे। इसके विपरीत, न केवल जिला स्तर के कार्यालय बल्कि ब्लॉक स्तर के कार्यालय भी मुख्य शहर से 8 से 10 किलोमीटर दूर विस्थापित हो रहे हैं।

महिला एवं बाल विकास विभाग का ब्लॉक परियोजना कार्यालय और वरिष्ठ कृषि अधिकारी कार्यालय जैसी महत्वपूर्ण इकाइयां अब ब्लॉक मुख्यालय में रहने के बजाय जेठा और डोंगिया की तरफ चली गई हैं। आने वाले समय में कृषि विभाग का एसडीओ कार्यालय और डीपीओ कार्यालय भी जेठा से और आगे सकरेली शिफ्ट होने जा रहा है।

जनता में रोष, प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल

दूर-दराज से आने वाले ग्रामीण इन परेशानियों से जूझते हुए जनप्रतिनिधियों (दलगत राजनीति से ऊपर उठकर) को कोसने पर मजबूर हैं। ग्रामीणों का दर्द अब खुलकर सामने आने लगा है। टूण्डरी निवासी रमाकांत साहू का कहना है जिला प्रशासन को सभी योजनाएं टूण्डरी, डभरा,चंद्रपुर क्षेत्र को ध्यान में रखकर जिला स्तर के भवन का निर्माण शक्ति के एक दो किलोमीटर के अंदर किया जाना चाहिए। बड़े मुड़पार के सरपंच संघ के उपाध्यक्ष मालखरौदा दिलदार खुटे का कहना है कि सभी कार्यालय सक्ती शहर के एक दो किलोमीटर के अंदर बनना चाहिए तभी दूर दराज के लोगों को सुविधा होगी, या फिरजब यही दूरियां और परेशानियां झेलनी थीं, तो इससे तो अच्छा हमारा पुराना जिला जांजगीर ही था।प्रशासनिक स्तर पर कार्यालयों के लगातार विकेंद्रीकरण या शहर से बाहर जाने की इस प्रवृत्ति ने जिला मुख्यालय की अवधारणा को ही आम जनता के लिए एक चुनौती बना दिया है।

विराट शिव गुरु महोत्सव में उमड़ी शिव शिष्यों की भीड़

छत्तीसगढ़ के साथ झारखंड और उत्तर प्रदेश से भी पहुंचे शिव शिष्य



शिव गुरू महोत्सव में श्रद्धालुओं की भीड़।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

नगर के बालक हाई स्कूल मैदान में शनिवार को शिव शिष्य हरिन्द्रानन्द फाउंडेशन के तत्वावधान में विराट शिव गुरु महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। महोत्सव में हजारों की संख्या में शिव शिष्य शामिल हुए। छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के साथ झारखंड और उत्तर प्रदेश से भी बड़ी संख्या में शिव शिष्य पहुंचे। आयोजन को लेकर व्यापक तैयारियां की गई थीं। कार्यक्रम में कृषि मंत्री रामविचार नेताम, पुष्पा नेताम, पूर्व विधायक बृहस्पति सिंह और नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल के अलावा महोत्सव में शिव शिष्य परिवार के जिला अध्यक्ष पंचम कुशवाहा, मनोज यादव सहित बड़ी संख्या में शिव शिष्य परिवार के सदस्य मौजूद रहे। आयोजन में भगवान शिव के गुरु स्वरूप से प्रत्येक व्यक्ति को जोड़ने तथा शिव को गुरु मानने की अवधारणा को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम की मुख्य वक्ता दीदी बरखा आनंद ने शिव शिष्य साहब हरिन्द्रानन्द के संदेश को साझा करते हुए कहा कि भगवान शिव केवल नाम के नहीं, बल्कि काम के भी गुरु हैं। उन्होंने कहा कि भगवान शिव जगतगुरु हैं। इसलिए किसी भी धर्म, जाति, संप्रदाय या लिंग का व्यक्ति उन्हें अपना गुरु मान सकता है। शिव का शिष्य बनने के लिए किसी पारंपरिक औपचारिकता अथवा दीक्षा की आवश्यकता नहीं है। दीदी बरखा आनंद ने शिव का शिष्य बनने के तीन सूत्र बताए। अर्चित आनंद ने कहा कि शिव शिष्यता की अवधारणा पूरी तरह आध्यात्मिक है। इसका उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति को भगवान शिव के गुरु स्वरूप से जोड़ना है।

एक दिन पहले से पहुंचने लगे थे शिव शिष्य

विराट शिव गुरु महोत्सव को लेकर रामानुजगंज में व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई थीं। छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों के अलावा झारखंड और उत्तर प्रदेश से शिव शिष्य एक दिन पहले से ही पहुंचने लगे थे। आयोजन स्थल पर व्यवस्था संभालने के लिए सुबह से ही स्वयंसेवक जुटे रहे। आयोजन में लगभग एक हजार महिला स्वयंसेवक पीली साड़ी में तथा करीब 500 पुरुष स्वयंसेवक काली पैंट और सफेद शर्ट में व्यवस्था संभालते नजर आए। बड़ी संख्या में शिव शिष्यों की उपस्थिति के बीच पूरे कार्यक्रम में भगवान शिव को गुरु मानने और इस आध्यात्मिक विचार को समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाने पर जोर दिया गया।

दुकान पर अज्ञात हमलावरों ने फेंका सुतली बम, सीसीटीवी में कैद हुई घटना

हरिभूमि न्यूज : अम्बिकापुर

शहर के एक दुकान में रात के समय सुतली बम फेंकने का मामला सामने आया है। सुतली बम फेंकने की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। इस घटना से दुकान को क्षति पहुंची है। दुकान संचालक ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

बताया जा रहा है कि गौसिया नगर निवासी अयाज आलम आ. खालिद की रिंग रोड में आरजू होटल के समीप ड्रीम फर्निशिंग के नाम से दुकान संचालित है। व्यवसायी 9 अक्टूबर की रात 8 बजे अपनी दुकान बंद कर घर चला गया था। इस दौरान रात लगभग 12 बजे उसने अपने दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे से मोबाइल के माध्यम से देखा तो दुकान के बाहर कुछ जला हुआ नजर आया। जब वह दुकान पहुंचा तो दुकान के बाहर बम फटा हुआ था। इस दौरान उसने सीसीटीवी कैमरे की जांच की तो पता चला की रात लगभग 10.20 बजे दो अज्ञात बाइक सवार शोर मचाते हुए आए और दुकान पर सुतली बम फेंककर फरार हो गये। सुतली बम का धमाका काफी तेज था। इस घटना के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है। संचालक ने घटना की शिकायत पुलिस से की है। वहीं घटना का सीसीटीवी फुटेज अब सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है।



एक साल से गैरहाजिर लिपिक और कम उपस्थिति वाले स्कूल के प्रधान पाठक को नोटिस

बलरामपुर। नवपदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी नरेंद्र कुमार निरापुरे ने शनिवार को विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं का औचक निरीक्षण कर विद्यार्थियों की उपस्थिति, परिसर की स्वच्छता, मध्यान्ह भोजन व्यवस्था और शैक्षणिक गतिविधियों का जायजा लिया। जिले में शिक्षकों की समय पर उपस्थिति, पाठ्यक्रम को समय सीमा में पूर्ण करने के साथ ही विद्यार्थियों की विद्यालयों में शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी के निर्देश पर डीईओ ने निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान प्राथमिक शाला राजकुमारीनटोला में 13 में से 11, प्राथमिक शाला धनगांव में सभी 20, माध्यमिक शाला धनगांव में 18 में से 13, प्राथमिक शाला धनादोहर में 31 में से 20, माध्यमिक शाला धनादोहर में 69 में से 31 तथा प्राथमिक शाला नेहरूनगर में 26 में से 17 विद्यार्थी उपस्थित मिले। माध्यमिक शाला धनादोहर में आधे से भी कम उपस्थिति पाए जाने पर प्रधान पाठक चन्द्रिका टोप्पो को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी विद्यालय तातापानी में निरीक्षण के समय 348 छात्राएं उपस्थित थीं। यहां पदस्थ लिपिक देवनारायण राम के अगस्त 2025 से लगातार अनुपस्थित रहने पर उन्हें भी नोटिस थमाया गया। छात्राओं द्वारा सायकल स्टैंड की मांग रखे जाने पर डीईओ श्री निरापुरे ने आवश्यक विभागीय कार्यवाही का आश्वासन दिया। प्राथमिक शाला नेहरूनगर में मध्यान्ह भोजन, साफ-सफाई और कक्षाओं की व्यवस्था संतोषजनक पाई गई, जबकि प्राथमिक शाला धनगांव में परिसर की स्वच्छता सुधारने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर के निर्देशों को दोहराते हुए जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी संस्थाओं को शिक्षकों एवं कर्मचारियों की समयबद्ध उपस्थिति, विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत दैनिक उपस्थिति तथा शैक्षणिक कैलेंडर के अनुरूप पाठ्यक्रम पूर्ण करने पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने बच्चों के हाथ-नाखूनों की नियमित स्वच्छता और कक्षाओं व परिसर को साफ-सुथरा रखने के भी निर्देश दिए ताकि विद्यालयों में पढ़ाई के अनुकूल वातावरण बन सके। श्री निरापुरे ने स्पष्ट किया कि शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुशासन और नियमित उपस्थिति के मामले में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा व्यवस्थाओं में सुधार के लिए निरीक्षण और आवश्यक कार्रवाई का सिलसिला आगे भी जारी रहेगा।

साज सज्जा के साथ रौशनी से जगमगाए मंदिर

शारदीय नवरात्रः मंदिरों में उमड़ेगी श्रद्धालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज : अम्बिकापुर



शक्ति की देवी मां दुर्गा की उपासना का महापर्व शारदीय नवरात्र हो गया है। शारदीय नवरात्र को लेकर देवी मंदिरों में तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। मंदिरों को रंग रोगन के बाद रौशनी से जगमग किया गया है। इसके साथ ही महामाया मंदिर समेत सभी देवी मंदिरों में उमड़ने वाली भीड़ के मद्दे नजर सुरक्षा के भी इंतजाम किए गये है। इसके साथ ही शहर सहित जिलेभर में जगह जगह पंडालों में भी दुर्गा प्रतिमाओं को स्थापित करने की तैयारियां चल रही है।

बता दें कि शक्ति की देवी मां दुर्गा की उपासना के पर्व शारदीय नवरात्र को लेकर भक्तों द्वारा लम्बे समय से तैयारियां की जा रही थी। पूजन समितियों द्वारा जगह जगह विशाल पंडालों का निर्माण कराया जा रहा है जबकि शक्तिपीठों में साफ सफाई व रंग रोगन का कार्य चल रहा था। शारदीय नवरात्र 11 अक्टूबर से शुरू हो रहा है जो 19 अक्टूबर तक चलेगा। 9 दिवसीय शारदीय नवरात्र के दौरान भक्त उपवास रखने के साथ ही शक्ति की देवी मां दुर्गा के विभिन्न रूपों की पूजा करेंगे। शारदीय नवरात्र को लेकर शहर के महामाया मंदिर, दुर्गा मंदिर, गौरी मंदिर, वन देवी मंदिर, नेहरू वार्ड स्थित रामेश्वर मंदिर सहित अन्य शक्तिपीठों में तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। शक्तिपीठों में लगभग दस हजार से अखंड ज्योति कलश की स्थापना की जाएगी जो लगातार नौ दिनों तक प्रज्वलित रहेगी। नगर के महामाया मंदिर में इस वर्ष घी व तेल के लगभग छह जबकि दुर्गा मंदिर में घी व तेल के लगभग 3 हजार से अधिक अखण्ड ज्योति दीप जलाए जाएंगे। देर शाम तक मंदिरों में ज्योति कलश की बुकिंग के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। इस दौरान महामाया मंदिर में दोपहर तक 16 सौ घी और 32 सौ तेल के दीप की बुकिंग हो गई थी जबकि शाम होते तक यह संख्या साढ़े पांच हजार तक पहुंच गई थी।

अष्टमी-नवमी एक दिन

महामाया मंदिर के पुजारी ने बताया कि इस बार शारदीय नवरात्र पूरे 9 दिनों का है। इस बीच 19 अक्टूबर को मंदिर में संधि पूजा की जाएगी। इस दिन शाम 6.53 बजे तक अष्टमी है जबकि 7.54 बजे से नवमी शुरू हो जाएगी। अष्टमी और नवमी के बीच मंदिर में संधि पूजा कोई जाएगी। इसके साथ ही रविवार को शुभ मुहूर्त में कलश स्थापना की जाएगी। पूजा पाठ सहित ज्वार, दुर्गा पाठ, अखण्ड ज्योति दीप व कलश की स्थापना की जाएंगी। महामाया मंदिर में सुबह मां की आरती होगी उसके बाद दीप प्रज्वलन किया जाएगा जिसके पश्चात कलश की स्थापना होगी। अष्टमी के दिन मां की विशेष श्रृंगार किया जाएगा।

न्यायालय तहसीलदार बैकुण्ठपुर, जिला कोरिया (छ.ग.)
ईकोर्ट रा.प्र.क्र...../अ-6/2025-26
// ईश्तहार//
सर्व साधारण ग्राम आमगांव प.ह.नं. तहसील बैकुण्ठपुर जिला कोरिया (छ.ग.) तथा हितबद्ध पक्षकारों को सूचित किया जाता है, आवेदक जोशी राम आ. स्व. आनंद राम जाति कंवर निवासी भट्ठीपारा बैकुण्ठपुर जिला- कोरिया के द्वारा आवेदन पेश किया गया है। आवेदक ने अपने आवेदन पत्र में लेख किया है कि आवेदक के द्वारा विक्रय भूमि स्थित ग्राम आमगांव बैकुण्ठपुर का ख.नं. 056/1 आवेदक के द्वारा विक्रेता भूमि में से रकबा 0.060 हे. को पंजीकृत विक्रय पत्र के आधार पर दिनांक 12.01.2018 को क्रय किया गया है। आवेदक के द्वारा क्रय की गई भूमि वर्तमान में भी विक्रेता रंजीता सिंह पति दीपनारायण सिंह के नाम पर चला आ रहा है जिस कारण आवेदक अपने पक्ष में नामांतरण कराना चाहता है। आवेदक ने पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 12.01.2018 के आधार पर केरता के पक्ष में नामांतरण किये जाने का निवेदन किया है।
अतः उक्त संबंध हित रखने वाले व्यक्तियो को यदि कोई आपत्ति हो, तो वे दिनांक 20/10/2026 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिभाषक के द्वारा इस न्यायालय मे आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार विमर्श नहीं किया जावेगा।
जारी दिनांक 08/10/2026
तहसीलदार
बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया (छ.ग.)

